मीडिया रिलीस

# बीईएमएल ने मनाई गांधी जयंती

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक मिनिरत्न सार्वजनिक उपक्रम है, ने आज दिनांक 02 अक्तूबर 2019 को अपने सभी कार्यालयों तथा कॉम्प्लेक्सों में महात्मा गांधी की 150 वीं वर्षगांठ को शानदार तरीके से मनाया

श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी बीईएमएल, जो मैसूर में मुख्य अतिथि थे, ने 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी के प्रतिमा का माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।



*श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी बीईएमएल गांधीजी को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं*

*मैसूर में स्वच्छता अभियान पर स्किट*

गांधीजी के सिद्धांतों और उनके आदर्शों को याद करते हुए, श्री होता ने कहा, "आइए हम जीवन के सभी क्षेत्रों में प्लास्टिक का थोड़ा भी उपयोग न करके स्वस्थ पर्यावरण उत्पन्न करने की दिशा में योगदान देने का संकल्प लें।''

इस अवसर पर बेहतर समाज के लिए गांधीजी के दृष्टिकोण को संरेखित करते हुए पर्यावरणीय सरोकार के प्रति बेहतर समाज की दिशा में बीईएमएल द्वारा किए गए योगदान पर एक लघु ऑडियो विज़ुअल रिलीज़ किया गया था और उक्त फिल्म को महात्मा को समर्पित किया गया।

गांधीजी के पसंदीदा भजन गाए गए और स्वच्छता पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्वच्छता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पर्यावरणीय खतरों, सुरक्षित ड्राइविंग और के सामाजिक बीमारी का उन्मूलन पर शिक्षित करने विषयों पर स्किट द्वारा अभिनय किया गया था।

इन कार्यक्रमों में अधिक संख्या में कर्मचारियों और कार्यपालकों ने भाग लिया।

बीईएमएल द्वारा एक मीडिया रिलीज़

तारीख : 02.10.2019